web: www.nyaysakshi.com

पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल

पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered
Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 12 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 190

## देश का पहला अल्ट्रा-एज टेक्नोलॉजी आधारित गैलियम नाइट्राइड सेमीकंडक्टर संयंत्र छत्तीसगढ़ में

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट की रखी आधारशिला
- भारत का सबसे अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर संयंत्र में अल्ट्रा एज टेक्नोलॉजी से बनेगी चिप
- पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने की छत्तीसगढ़ में 10 हजार करोड़ के अतिरिक्त निवेश की घोषणा

नई दिल्ली । आरएनएस



इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से चार्ज करने और 5जी नेटवर्क के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला गैलियम नाइट्राइड सेमीकंडक्टर का निर्माण अब छत्तीसगढ़ में होगा। छत्तीसगढ़ ने आज तकनीकी विकास की दिशा में एक नया इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवा रायपुर में देश के पहले अल्ट्रा एज टेक्नोलॉजी आधारित गैलियम नाइट्राइड आधारित सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र की आधारशिला रखी। यह परियोजना न केवल राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि भारत को सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है। इस मौके पर पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर ईश्वरा राव नंदम ने छत्तीसगढ़ में 10 हजार करोड़ के अतिरिक्त निवेश की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि अप्रैल- मई 2026 से प्लांट से उत्पादन भी शुरू हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व और प्रगति का ऐतिहासिक क्षण है। सेमीकंडक्टर प्लांट की स्थापना केवल एक उद्योगिक निवेश नहीं, बल्कि तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इससे न केवल हमारे युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी। करीब 1,143 करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाला यह अत्याधुनिक संयंत्र चेन्नई की पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से स्थापित किया जा रहा है। यह संयंत्र अत्याधुनिक तकनीक से 5 नैनोमीटर और 3 नैनोमीटर की एडवांस चिप्स तैयार करेगा। गौरतलब है कि गैलियम नाइट्राइड तकनीक को वर्तमान वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में गेमचेंजर माना जा रहा है। यह तकनीक तेज़, टिकाऊ और ऊर्जा-कुशल है, जो 5जी, 6जी मोबाइल नेटवर्क, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, डेटा एनालिटिक्स, रक्षा क्षेत्र और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों के लिए बेहद जरूरी है। अब तक भारत को इस तरह की चिप्स विदेशों से आयात करनी पड़ती थीं, लेकिन अब छत्तीसगढ़ में इनका उत्पादन होने से देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिलेगी। इस परियोजना से विदेशी निवेश को भी गति मिलेगी। कंपनी का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक हर साल 10 अरब चिप्स का निर्माण किया जाए। इस परियोजना से छत्तीसगढ़ में हज़ारों लोगों को प्रत्यक्ष और लाखों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजग़ार मिलने की संभावना है।

इसका सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव बस्तर और अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में दिखेगा, जहां युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर इस आधुनिक उद्योग से जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने दिसंबर 2024 में नई दिल्ली में आयोजित 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' के दौरान पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे। अब शिलान्यास समारोह के साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार 1143 करोड़ रुपये के निवेश से राज्य की पहली उन्नत सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना के लिए तैयार है। उद्योग विभाग के अधिकारियों के अनुसार, कंपनी को नवा रायपुर के सेक्टर 5 में 45 दिनों से भी कम समय में टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से भूमि आवंटित की गई और 25 दिनों से कम में लीज डीड का पंजीकरण पूरा कर लिया गया।

## देश के लिए महात्मा फुले का अमूल्य योगदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर कर महात्मा फुले को याद किया और उनके अमूल्य योगदान को हर पीढ़ी के लिए प्रेरित करने वाला बताया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, मानवता के सच्चे सेवक महात्मा फुले को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने समाज के शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश के लिए उनका अमूल्य योगदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी 'एक्स' पर ज्योतिबा फुले को श्रद्धांजलि देते हुए एक पोस्ट में लिखा, महान समाज सुधारक, शिक्षाविद और विचारक महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। देश के वंचितों और पिछड़ों के सशक्तिकरण के लिए आजीवन कटिबद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले, आधुनिक भारत में महिला शिक्षा के अग्रदूत बने। 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना के माध्यम से समाज को कुरीतियों से मुक्त बनाने की दिशा में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए। शिक्षा, समानता और न्याय के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन की बुनियाद रखने वाले महात्मा का जीवन अनुकरणीय है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चीन का ट्रंप को जवाब, अमेरिकी सामानों पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया

**बीजिंग ।** टैरिफ के मुद्दे पर चीन और अमेरिका आमने-सामने है। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी आयात पर टैरिफ 145 प्रतिशत बढ़ा कर चीन के साथ ट्रेड वॉर शुरू किया है?वहीं चीन ने अमेरिकी सामानों पर 125 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए चीन सरकार विभिन्न उपायों में जुट गई है। अमेरिकी उत्पाद पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा सरकार ने वादा किया है कि वह अपने लोगों को अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित करके निर्यात को हुए नुकसान की भरपाई करेगी। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी शुल्क बढ़ोतरी के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा भी दायर किया है। नवीनतम अमेरिकी अधिसूचना के अनुसार, चीन पर कुल 145 प्रतिशत शुल्क लगा है।?चीन ने पहले 84 प्रतिशत शुल्क लगाकर जवाबी कार्रवाई की थी और कुछ अमेरिकी कंपनियों के आयात पर प्रतिबंध लगाए दिया था, साथ ही इस मुद्दे को सुलझाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत करने में रुचि भी व्यक्त की थी. चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसने अमेरिका के शुल्क के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है।

### न्यूयॉर्क की हडसन नदी में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, सीमेंस कंपनी के सीईओ समेत 6 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में गुरुवार को हडसन नदी में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन बच्चों समेत छह लोगों की जान चली गई। न्यूयॉर्क शहर के मेयर ने सीएनएन को यह दुखद जानकारी दी। मृतकों में हेलीकॉप्टर का पायलट और स्पेन का एक पूरा परिवार शामिल है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा दोपहर के समय हुआ। हेलीकॉप्टर ने मैनहट्टन से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के बाद हेलीकॉप्टर ने स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी का चक्कर लगाया और फिर हडसन नदी के साथ उत्तर दिशा में जॉर्ज वाशिंगटन ब्रिज की ओर बढ़ गया। अधिकारियों ने अभी तक दुर्घटना में मारे गए लोगों के नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हालांकि, न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, विमान में स्पेन में स्थित सीमेंस कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ अगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी और उनके तीन बच्चे सवार थे। रिपोर्ट के मुताबिक, जॉर्ज वाशिंगटन ब्रिज की ओर जाने के बाद हेलीकॉप्टर दक्षिण दिशा में मुड़ा और न्यू जर्सी के पास हडसन नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे के बाद, न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि दुर्घटना स्थल के आसपास आपातकालीन वाहनों की संख्या बढ़ेगी, जिससे यातायात में देरी हो सकती है।

### स्लोवाकिया ने भारतीय समुदाय की कड़ी मेहनत को मान्यता दी : राष्ट्रपति मुर्मू

**ब्रातिस्लावा ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत-स्लोवाकिया संबंधों को मजबूत बनाने में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की। उन्होंने गुरुवार को ब्रातिस्लावा में आयोजित सामुदायिक स्वागत समारोह में यह बात कही। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, स्लोवाक नेताओं के साथ बातचीत में मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि उन्होंने भारतीय समुदाय की कड़ी मेहनत को मान्यता दी। स्लोवाकिया के विकास और प्रगति में भारतीय समुदाय के बहुमूल्य योगदान के प्रति बहुत सम्मान की भावना रही है। उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, यह देखकर खुशी होती है कि भारत की विरासत और परंपराएं हमारे स्लोवाक मित्रों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। योग और आयुर्वेद से लेकर भारतीय व्यंजनों तक, स्लोवाकिया में भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम दोनों देशों के लोगों के बीच बढ़ते मजबूत संबंधों का प्रमाण है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उपनिषदों का स्लोवाक भाषा में अनुवाद यहां के लोगों को भारत की प्राचीन शिक्षाओं से जुडऩे का एक और अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि के रूप में भारतीय समुदाय की भूमिका भारत-स्लोवाकिया संबंधों को मजबूत करने में अमूल्य है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के अपने राजदूत हैं जो दोनों देशों को जोडऩे के लिए पुल का काम करते हैं। लेकिन भारतीय समुदाय भी उन राजदूतों में से एक है क्योंकि वे भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, भारत को गौरव दिलाते हैं और बढ़ाते हैं। गुरुवार को, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और स्लोवाकिया के प्रेसिडेंट पीटर पेलेग्रिनी ने संयुक्त रूप से स्लोवाकिया के नित्रा के सिहोट स्थित सिटी पार्क में स्लोवाकिया के राष्ट्रीय वृक्ष लिंडेन को लगाया।

## पंजाब में 91 करोड़ की हेरोइन समेत नशा तस्कर हीरा गिरफ्तार, पाकिस्तान कनेक्शन का खुलासा

अमृतसर । आरएनएस




पंजाब में एक सुव्यवस्थित अभियान में, एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए एन टी एफ), बॉर्डर रेंज, अमृतसर ने गांव खैरा, थाना घरिंडा, अमृतसर से एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से लगभग 91 करोड़ रुपए की 18.227 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान हीरा सिंह उर्फ हीरा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जांच से पता चला कि हीरा सिंह और उसका साथी कुलविंदर सिंह उर्फ किंडा निवासी गांव दौके, थाना घरिंडा, पाकिस्तान स्थित ड्रग तस्कर बिल्ला से जुड़े थे। वे सीमा पार से हेरोइन की तस्करी कर रहे थे और तस्कर के निर्देशों के अनुसार इसकी आपूर्ति कर रहे थे। डीजीपी ने बताया कि कुलविंदर सिंह को पकडऩे के लिए छापे मारे जा रहे हैं और पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए आगे की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ड्रग्स के खिलाफ अपनी लड़ाई में अथक प्रयास कर रही है, ताकि राज्य के लिए एक सुरक्षित और ड्रग-मुक्त भविष्य सुनिश्चित हो सके।

## मदरसे में नाबालिग छात्रा से बार-बार दुष्कर्म, कोर्ट ने मौलवी को सुनाई 187 साल की सजा

कन्नूर । आरएनएस



केरल की कन्नूर स्थित एक विशेष पॉक्सो अदालत ने मदरसे में तालीम देने वाले एक मौलवी को नाबालिग छात्रा के साथ बार-बार यौन शोषण और दुष्कर्म करने के गंभीर अपराध में कुल 187 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 41 वर्षीय दोषी मौलवी मोहम्मद रफी पर 13 साल की बच्ची का यौन उत्पीडऩ करने का आरोप सिद्ध हुआ है। मौलवी इस मामले में पहले से ही जेल में बंद था।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता (13 वर्षीय) आरोपी मौलवी के मदरसे में पढऩे जाती थी। कुछ समय बाद बच्ची के व्यवहार में बदलाव और शारीरिक स्थिति में परिवर्तन देखकर माता-पिता चिंतित हो गए। बच्ची का पढ़ाई में भी मन नहीं लग रहा था। बीबीसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया है कि जब माता-पिता बच्ची को काउंसलर के पास ले गए, तो उसने पूरी आपबीती सुनाई। बच्ची ने बताया कि मदरसे में मौलवी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म और अन्य तरह का यौन शोषण किया।

कन्नूर पॉक्सो कोर्ट ने एक चौंकाने वाले मामले में आरोपी मौलवी मोहम्मद रफी को बच्ची के बयान के आधार पर दोषी करार दिया है। बच्ची के खुलासे के बाद उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद पॉक्सो एक्ट की धारा 5(टी) के तहत 5 साल की कैद और 5 लाख रुपये जुर्माना, धारा 5(एफ) के तहत विश्वास तोडऩे के अपराध में 35 साल की कैद और 1 लाख रुपये जुर्माना, बार-बार यौन शोषण के लिए 35 साल कैद, ओरल सेक्स के लिए 20 साल की कैद और 50 लाख रुपये जुर्माना, जबकि आईपीसी की धारा 376 के तहत नाबालिग से बलात्कार के लिए 25 साल की कैद और 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अलावा जान से मारने की धमकी देने के अपराध में भी उसे अलग से सजा दी गई है। इन सभी सजाओं को मिलाकर उसे कुल 187 साल की कैद की सजा सुनाई गई है।

50 साल काटनी पड़ सकती है जेल

हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया है कि इनमें से कई सजाएं एक साथ चलेंगी। इसलिए, दोषी मौलवी मोहम्मद रफी को अधिकतम लगभग 50 साल जेल में बिताने होंगे। यह भी पता चला है कि मौलवी पहले शादीशुदा था, लेकिन उसकी इन्हीं घिनौनी हरकतों के कारण उसकी पत्नी ने उसे तलाक दे दिया था। अदालत के इस फैसले को बाल यौन शोषण के खिलाफ एक सख्त कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

## बिहार में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से गई 80 लोगों की जान

पटना । आरएनएस



बिहार में आई आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली गिरने के कारण विभिन्न जिलों में अब तक 80 लोगों की जान चली गई है। इसके अलावा, फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बिहार सरकार में आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल ने शुक्रवार को मामले की जानकारी देते हुए आईएएनएस को बताया कि जिन लोगों की जान गई है, हम उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले 48 घंटे में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 80 लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुआवजे का भी ऐलान किया है, सभी मृतकों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, जिन किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है, सरकार की तरफ से उनकी मदद की जाएगी।

दरअसल, बिहार के कई जिलों में मौसम में अचानक आए बदलाव ने कहर बरपाया है। कई लोगों की मौत के साथ-साथ फसलों और संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचा है। भयंकर तूफान, ओलावृष्टि और बिजली गिरने से आई इस आपदा ने जीवन और आजीविका दोनों को प्रभावित किया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के आश्रितों को तत्काल चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा है कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें। घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

इस बीच, भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि 12 अप्रैल तक पूरे बिहार में बारिश, बिजली और गरज के साथ बारिश जारी रहने की संभावना है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव वाले क्षेत्र से उत्पन्न होने वाला चक्रवाती परिसंचरण गंभीर मौसम पैटर्न को प्रभावित कर रहा है। आईएमडी ने अगले पांच दिन के लिए अलर्ट भी जारी किया है, जिसमें संवेदनशील जिलों के निवासियों को सावधान किया गया है।

गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, खगडिय़ा, बांका, मुंगेर, जमुई, शेखपुरा, बेगूसराय, पटना, नालंदा, नवादा, जहानाबाद और गया जिलों के प्रभावित होने की संभावना है।

## हुर्रियत से जुड़े 12 संगठनों ने तोड़ा अलगाववाद से नाता, पीएम मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत सपने की जीत : अमित शाह

नई दिल्ली । आरएनएस

कश्मीर घाटी में अलगाववादी संगठन हुर्रियत को बड़ा झटका लगा है। जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग कर लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी जानकारी खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। उन्होंने दावा किया कि अब 12 संगठनों ने अलगाववाद से नाता तोड़ लिया है। इसके साथ ही उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण की जीत बताया।

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मोदी सरकार के तहत जम्मू-कश्मीर में एकता की भावना व्याप्त है। हुर्रियत से जुड़े एक अन्य संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने अलगाववाद को खारिज करते हुए भारत की एकता के लिए पूरी प्रतिबद्धता जताई है। मैं उनके इस कदम का तहे दिल से स्वागत करता हूं। उन्होंने आगे बताया, अब तक हुर्रियत से जुड़े 12 संगठन अलगाववाद से अलग हो चुके हैं और भारत के संविधान पर भरोसा जता रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने की जीत है।

इससे पहले घाटी में तीन बड़े संगठनों ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से नाता तोड़ लिया था। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा था, जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट जैसे तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। यह घाटी के लोगों में भारत के संविधान के प्रति विश्वास का एक प्रमुख प्रदर्शन है। पीएम मोदी का एकजुट और शक्तिशाली भारत का सपना आज और भी मजबूत हो गया है, क्योंकि अब तक 11 ऐसे संगठनों ने अलगाववाद को त्याग दिया है और इसके लिए अटूट समर्थन की घोषणा की है।

## माफिया अतीक के करीबियों पर पुलिस का 'ऑपरेशन हंटर', लग्जरी कारों समेत 11 गाड़ियां सीज

प्रयागराज । आरएनएस

माफिया डॉन अतीक अहमद के करीबियों और उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने एक बार फिर शिकंजा कस दिया है। 'ऑपरेशन हंटर' के तहत गुरुवार देर रात पुलिस की कई टीमों ने अतीक से जुड़े अपराधियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस सघन अभियान के दौरान लग्जरी कार समेत कुल 11 गाडिय़ों को सीज किया गया, जिससे गैंग से जुड़े लोगों में खलबली मची रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ समय से शहर में अतीक गैंग से जुड़े अपराधियों और अन्य हिस्ट्रीशीटरों की सक्रियता काफी बढ़ गई थी। ये अपराधी न केवल शहर की शांति व्यवस्था में खलल डाल रहे थे, बल्कि लग्जरी गाडिय़ों से सडक़ों पर आतंक मचाते थे। तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दूसरे वाहनों को टक्कर मारने और विरोध करने पर आम लोगों को डराने-धमकाने की कई शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं। इन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने शहर जोन में 'ऑपरेशन हंटर' शुरू करने का निर्देश दिया। इसके लिए एसओजी, सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों के तेज-तर्रार पुलिसकर्मियों की कुल 10 विशेष टीमें गठित की गई हैं। डीसीपी ने इन टीमों को वांछित अपराधियों की धरपकड़, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी और अन्य सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई करने का लक्ष्य दिया। इसी कड़ी में, गुरुवार रात पुलिस टीमों ने मरियाडीह, सिलना, नसीरपुर, भीटी, कसारी-मसारी, चकिया, झूंसी, करेली समेत शहर के कई इलाकों में एक साथ छापेमारी शुरू की। कई घंटों तक चले इस सर्च ऑपरेशन में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की गई।

## इंडिगो फ्लाइट में भारी टर्बुलेंस, आधे घंटे हवा में हिचकोले खाता रहा विमान

- यात्रियों की अटकी सांसें

रांची । आरएनएस



दिल्ली से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट गुरुवार को भयानक टर्बुलेंस (हवा में कंपन) का शिकार हो गई। खराब मौसम के कारण विमान करीब 30 मिनट तक हवा में बुरी तरह हिचकोले खाता रहा, जिससे यात्रियों की जान हलक में आ गई। विमान के अंदर चीख-पुकार मच गई, हालांकि पायलट की सूझबूझ से विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया गया।

**यात्री ने बयां किया खौफनाक मंजर-** विमान में यात्रा कर रहे यात्री सत्य प्रकाश ने इस खौफनाक अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इंडिगो के विमान ने गुरुवार दोपहर 1:20 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से रांची के लिए उड़ान भरी थी। जब विमान दिल्ली से लगभग 350 किलोमीटर दूर था, तभी दोपहर करीब 2:20 बजे, 40 हजार फीट की ऊंचाई पर अचानक विमान बुरी तरह लडख़ड़ाने लगा।

उन्होंने बताया, विमान के अंदर से बाहर कुछ भी साफ नजर नहीं आ रहा था, विजिबिलिटी बिल्कुल शून्य हो गई थी। विमान को इस तरह डगमगाता देख सभी यात्री बुरी तरह डर गए। मेरे लिए यह पहला ऐसा अनुभव था, इसलिए मैं और भी ज्यादा भयभीत था। कई यात्रियों की हालत ऐसी थी मानो यह उनके जीवन का अंतिम दिन हो।

चीखने लगे थे यात्री और क्रू मेंबर

सत्य प्रकाश के अनुसार, दोपहर लगभग 2:45 बजे स्थिति और भी भयावह हो गई जब डर के मारे विमान के अंदर बैठे यात्री और क्रू मेंबर भी चिल्लाने लगे।

**क्रू मेंबर ने बंधाया ढांढस-** इस बेहद मुश्किल और डरावनी परिस्थिति के बीच, विमान की एक क्रू मेंबर तान्या ने हिम्मत दिखाई। वह घबराए हुए यात्रियों के पास गईं और सभी का हौसला बढ़ाया। उन्होंने यात्रियों से कहा, डरने की जरूरत नहीं है। हमने इससे भी खराब मौसम में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई है। आप सभी शांति बनाए रखें। हम सभी को मिलकर इस विषम परिस्थिति का सामना करना होगा।

**पायलट की सूझबूझ से सुरक्षित लैंडिंग-** करीब आधे घंटे तक हवा में हिचकोले खाने और अनिश्चितता के बाद, पायलट ने अपनी कुशलता और सूझबूझ का परिचय देते हुए दोपहर 3:38 बजे विमान को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार दिया। विमान के सकुशल जमीन पर उतरने के बाद ही यात्रियों ने राहत की सांस ली।

यात्री सत्य प्रकाश ने बताया कि सुरक्षित लैंडिंग के बाद पायलट ने जानकारी दी कि मौसम अत्यधिक खराब होने और विजिबिलिटी शून्य हो जाने के कारण विमान को संभालने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।